नवम्बर—माह
2025—26

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, गोरखपुर

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

# ध्येय पथ

सम्पादक :—
श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल
श्रीमती विभा सिंह
श्री हरिकेश यादव

WWW.mpm.ac.in
महाराणा प्रताप महाविद्यालय,
जंगल धूसड़, गोरखपुर

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता




01 नवम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'शोध व्याख्यान' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंजली शुक्ला को प्रथम स्थान, बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री नेहा गुप्ता को द्वितीय स्थान तथा बी0 एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अर्चना पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने किया।

## छात्रसंघ–कार्यकारिणी बैठक



02 नवम्बर को छात्रसंघ कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने महाविद्यालय की विभिन्न समितियों में विद्यार्थियों के कार्य, स्वच्छता, पुस्तकालय सुविधा, पठन–पाठन, वर्षिक महोत्सव, खेलकूद गतिविधियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि विषयों पर विचार विमर्श किया। बैठक में महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ0 शिवकुमार बर्नवाल और छात्रसंघ सहप्रभारी श्रीमती प्रियंका मिश्रा सहित छात्रसंघ कार्यकारी परिषद के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## वसुदेव बलवन्त फड़के जयन्ती




04 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'वासुदेव बलवन्त फड़के जयन्ती' के अवसर पर बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री साक्षी सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजली अर्पित की।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




04 नवम्बर को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'जीवाश्म निर्माण की प्रक्रिया' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 शालू श्रीवास्तव ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता




04 नवम्बर को रसायन विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'शोध व्याख्यान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0 एस–सी0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिता सिंह को प्रथम स्थान, बी0 एस–सी0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री मानसी कन्नौजिया को द्वितीय स्थान तथा बी0 एस–सी0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सलोनी गौतम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 राम सहाय ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम



04 नवम्बर को भूगोल विभाग द्वारा 'प्रयोजनमूलक हिन्दीः आवश्यकता और उपयोगिता' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ0 आरती सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 नीलम गुप्ता ने किया।

## शिक्षा एवं साक्षरता कार्यक्रम




04 नवम्बर को बी0एड0 विभाग द्वारा अभिग्रहीत ग्राम मंझरिया में 'मिशन मंझरिया' के अन्तर्गत 'शिक्षा एवं साक्षरता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राध्यापकों ने मंझरिया ग्राम में विभिन्न शिक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर ग्रामवासियों से आग्रह किया

कि वे शिक्षण केन्द्र पर आए और शैक्षणिक गतिविधियों में सहभाग कर लाभ उठायें। साथ ही ग्रामीण परिवारों को बच्चों और महिलाओं को पढ़ाने के लिए जागरूक किया।

## कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरू नानक जयंती




05 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरू नानक जयंती' के पर्व पर गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रितिका त्रिपाठी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कार्तिक पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए गुरूनानक देव की स्मृति को नमन किया तत्पश्चात् महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हे हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित की।

## प्राचार्य–शिक्षक बैठक




05 नवम्बर को आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चियन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'प्राचार्य–शिक्षक बैठक' का अयोजन किया गया। बैठक में शिक्षक आचरण व्यवहार, आंतरिक परीक्षा, विद्यार्थी हेल्पलाइन डेस्क, संस्थापक समारोह एवं वार्षिक महोत्सव विषय पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने की।

## भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस



07 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्काउट गाइड के प्रभारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग सहायक आचार्य श्री जितेन्द्र प्रजापति ने किया।

## सामूहिक गान कार्यक्रम



07 नवम्बर को प्रार्थना सभा में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री के आह्वाहन पर एक भव्य ''सामूहिक गान कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक और विद्यार्थियों ने एक स्वर में उत्साहित होकर ''वंदे मातरम्'' का सामूहिक वंदन किया।

**शैक्षणिक प्रदर्शनी**



07 नवम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के द्वारा शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंजली शुक्ला ने प्रथम स्थान, बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री नेहा गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री संजना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने किया।

**ग्राम भ्रमण**




09 नवम्बर को गणित एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा अपने गोद लिये गए गांव धोधणा में 'उन्नत भारत अभियान' के अन्तर्गत विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के तहत गांव में स्वच्छता के प्रति जानकारी एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संयोजन गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रभारी श्री पप्पू कुमार गुप्ता ने किया।

**शोध व्याख्यान प्रतियोगिता**




11 नवम्बर को रसायन विज्ञान विभाग के तत्वावधान में शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0 एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री सचिन शर्मा ने प्रथम स्थान, बी0 एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री रोहित कुमार एवं छात्रा सुश्री संजना यादव ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी0 एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सविता सिंह एवं सुश्री मुस्कान शर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री रामसहाय ने किया।

**ग्राम दर्शन**




13 नवम्बर को कम्प्यूटर विभाग के द्वारा 'उन्नत भारत अभियान' के अन्तर्गत विभाग द्वारा अभिग्रहित ग्राम बड़ी जमुनहिया में 'आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' **(AB-PMJAY)** के विषय में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान

की गई। कार्यक्रम का संयोजन कम्प्यूटर विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती अर्पिता सिंह ने किया।

## वार्षिक महोत्सव (उद्घाटन कार्यक्रम)




13 नवम्बर को 'तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव' कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने वार्षिक महोत्सव के सम्पूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए समस्त प्रतिभागियों एवं आयोजकों को शुभकामनाऐं प्रेषित की। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी, विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेंकटरमन पाण्डेय ने किया।

## योगासन प्रतियोगिता



13 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के तत्वावधान में 'योगासन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सत्या गुप्ता को प्रथम स्थान, बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दिव्या दूबे को द्वितीय स्थान एवं बी0 एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रिया जयसवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 सत्येन्द्र नाथ शुक्ला तथा विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता




13 नवम्बर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत 'हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष कुशवाहा ने प्रथम स्थान, बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री सूरज दीक्षित ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती दिव्या दूबे एवं सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

## शतरंज प्रतियोगिता




13 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के तत्वावधान में 'शतरंज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बी0सी0ए0 पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री नितेश तिवारी विजेता एवं बी0सी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री कृष्ण गोपाल शर्मा उपविजेता रहे। इसी क्रम में बालिका वर्ग से एम0एस0–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री ममता मिश्रा विजेता एवं बी0एस0–सी0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शुभी उपविजेता रही। कार्यक्रम का संयोजन श्री पप्पू कुमार गुप्ता एवं सुश्री तान्या श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।

## कबड्डी प्रतियोगिता



13 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर 'कबड्डी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में पृथ्वीराज चौहान टीम ने छत्रपति शिवाजी महाराज टीम को पराजित कर विजयी रही एवं महिला वर्ग झांसी की रानी टीम ने झलकारी बाई टीम को पराजित कर विजयी रही। कार्यक्रम का संयोजन श्री जितेन्द्र प्रजापति ने किया।

## हिन्दी भाषण प्रतियोगिता




13 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर ''2047 का विकसित भारतः हमारी संकल्पना'' विषय पर 'हिन्दी भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री पायल साहनी ने प्रथम स्थान, बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दिव्या एवं बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री आशीष कुशवाहा ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दिव्या दूबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 आरती सिंह एवं श्रीमती प्रियंका मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

## वालीबाल प्रतियोगिता (बालक वर्ग)



13 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत 'वालीबाल प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसमें 3 सेट के फाइनल मुकाबले में टीम छत्रपति शिवाजी ने टीम संभाजी महाराजा को 21–18 एवं 21–16 पॉइट्ंस से पराजित कर विजयी रही। कार्यक्रम का संयोजन श्री हरिकेश यादव एवं डॉ0 शालू श्रीवास्तवा ने संयुक्त रूप से किया।

## विकसित भारत 2047– सर्वेक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम




14 नवम्बर को 'उन्नत भारत अभियान' के अन्तर्गत 'रसायन विज्ञान विभाग' द्वारा गोद लिये गांव रामपुर में 'विकसित भारत–2047' हेतु एक सर्वेक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली के साथ गोद लिये गांव रामपुर का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने गांव के लोगों से संवाद कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वच्छता, कृषि और पर्यावरण से जुड़ी जानकारी एकत्र की तथा गांव के विकास हेतु सुझाव संकलित किया। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपने अनुभव साझा किए।

## अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता




14 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत Developed India @ 2047: Our Vision विषय पर अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह को प्रथम स्थान, बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दीपा गोंड को द्वितीय स्थान तथा बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष कुशवाहा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री शिवानी सिंह ने किया।

## गोरखवाणी प्रतियोगिता




14 नवम्बर को महाविद्यालय में 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत 'गोरखवाणी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अंशिका सिंह को प्रथम स्थान, बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष कुशवाहा को द्वितीय स्थान तथा बी0एस0–सी0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र रितू राज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन श्री विवेक विश्वकर्मा तथा श्रीमती साक्षी चौबे ने संयुक्त रूप से किया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



14 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0सी0ए0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री कार्तिक सिंह को प्रथम स्थान, बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर के छात्रा श्री अश्विनी कुमार पटेल को द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री आरती को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 रामसहाय ने किया।

## हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता



14 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत 'हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0सी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री कृति कुशवाहा को प्रथम स्थान, बी0एड्0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री खुशबू मिश्रा को द्वितीय स्थान तथा बी0एड्0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री अनुपा यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 हनुमान प्रसाद उपाध्याय एवं श्रीमती विभा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता




14 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत 'कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री आयुष श्रीवास्तव, श्री कार्तिक सिंह एवं श्री राहुल मौर्य, द्वितीय स्थान श्री अश्विनी कुमार पटेल, श्री आलोक विश्वकर्मा एवं श्री आदित्य सिंह को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती श्रुति शाही ने किया।

## उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता (स्वरचित)




14 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत 'उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता (स्वरचित)' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष कुशवाहा को प्रथम स्थान, बी0एड्0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री हिमांशु श्रीवास्तव को द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री गरिमा यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्ता तथा श्री विवेक कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## प्लास्टिक प्रदूषण जागरूकता अभियान




15 नवम्बर को वनस्पति विभाग द्वारा 'उन्नत भारत अभियान' के अन्तर्गत विभाग द्वारा अभिग्रहीत ग्राम सेखवनियां में 'प्लास्टिक प्रदूषण जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों की टीम ने गांव की गलियों और सामुदायिक स्थानों पर जनसंपर्क किया। टीम ने गांव में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता संदेश दिया तथा ग्रामीणों को एकल–उपयोग प्लास्टिक के त्याग और पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को अपनाने की शपथ दिलायी।

## जन जागरूकता कार्यक्रम



15 नवम्बर को गृह विज्ञान विभाग के द्वारा 'उन्नत भारत अभियान' के अन्तर्गत विभाग द्वारा अभिग्रहीत ग्राम नवका टोला में ''एक जिला, एक उत्पाद–विकास की नई राह'' विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम भ्रमण में ग्रह विज्ञान विभाग की सभी शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित रही।

## दौड़ प्रतियोगिता



15 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर 100मी0, 200मी0 एवं 400मी0 'दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग 100मी0 दौड़ में सुश्री खुशी राजभर को प्रथम स्थान, सुश्री काजल को द्वितीय स्थान तथा सुश्री खुशी खातून को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालक वर्ग 100मी0 दौड़ में श्री आदर्श सिंह को प्रथम स्थान, श्री राजवीर चौहान को द्वितीय स्थान तथा श्री अविनाश को तृतीय स्थान, श्री आदर्श सिंह को द्वितीय स्थान तथा श्री शिवम चौधरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग 200मी0 दौड़ में सुश्री काजल को प्रथम स्थान, सुश्री खुशी मिश्रा को द्वितीय स्थान तथा सुश्री शीतल शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में 400मी0 बालिका वर्ग दौड़ में सुश्री अंजली राय को प्रथम स्थान, सुश्री खुशी राजभर को द्वितीय स्थान तथा सुश्री गुड़िया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 400मी0 बालक वर्ग दौड़ में श्री सचिन शर्मा को प्रथम स्थान, श्री शिवम चौधरी को द्वितीय स्थान तथा श्री विशाल कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन श्री नन्दन शर्मा ने किया।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता (बालिका वर्ग)



15 नवम्बर को महाविद्यालय में 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तीन सेट के फाइनल मुकाबले में रानी पदमावती टीम ने रानी लक्ष्मीबाई टीम को 15–6, 13–15 एवं 15–8 से हराकर विजेता बनी। कार्यक्रम का संयोजन श्री हरिकेश यादव ने किया।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता



15 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बी0एस–सी0 पंचम सेमेस्टर के सुधांशु को प्रथम स्थान, बी0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर के श्री रोहित कुमार को द्वितीय स्थान तथा बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर के श्री अविनाश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बालिका वर्ग में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की सुश्री रानी को प्रथम स्थान, बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की सुश्री आरती को द्वितीय स्थान तथा बी0कॉम तृतीय सेमेस्टर की सुश्री श्वेता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ0 सत्येन्द्रनाथ शुक्ला तथा डॉ0 नीलम गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

## कैरम प्रतियोगिता




15 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अवसर पर कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री बिट्टू चौहान विजेता तथा बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री खुशी खातून उपविजेता रही। इसी क्रम में बालक वर्ग में बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष कुमार साहनी उपविजेता रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अनुभा श्रीवास्तव तथा श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता



15 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तर्गत '2047 इतस्य विकसित भारतमः अस्माक संकल्पना' पर संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री रितुराज सिंह, द्वितीय स्थान बी0कॉम0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री किशन सिंह तथा तृतीय स्थान बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष कुशवाहा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ0 आरती सिंह एवं सुश्री श्वेता ने संयुक्त रूप से किया।

## वार्षिक महोत्सव समारोप कार्यक्रम




15 नवम्बर को 'वार्षिक महोत्सव' के अन्तिम कड़ी में 'वार्षिक महोत्सव समारोप कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। समारोह में अध्यक्षता कर रहे भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विजय कुमार चौधरी तथा सह अध्यक्ष के रूप में शारीरिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सत्येद्रनाथ शुक्ला ने वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण करते हुए अपने उद्बोधन के माध्यम से प्रोत्साहित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोप कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वेंकटरमन पाण्डेय ने किया।

## प्राचार्य शिक्षक बैठक



15 नवम्बर को आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चियन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्नत भारत योजना और मंझरिया ग्राम रिर्पोट को पी.पी.टी. के माध्यम से सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्रवृत्ति, संस्थापक समारोह एवं वार्षिक महोत्सव विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने की और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## ''स्वच्छ गांव स्वस्थ गांव'' विषय पर जागरूकता अभियान




15 नवम्बर को भूगोल विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गए, गांव जंगल औराही में 'स्वच्छ गांव स्वस्थ्य गांव' विषय पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम अभियान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, साफ पानी, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 शालू श्रीवास्तव, डॉ0 नीलम गुप्ता तथा भूगोल विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## ग्राम्य–दर्शन का कार्यक्रम




16 नवम्बर को प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा 'उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गए गांव लक्ष्मीपुर में जन जागरूकता रैली निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। गांव के ग्रामीणों के भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) ''आयुष्मान भारत'' एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जो भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए चलाई जाती है, उसके बारे में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक बताया गया। उक्त योजनाओं में लाभार्थी कैसे बने इसकी भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम




17 नवम्बर को कम्प्यूटर विभाग द्वारा 'Artificial Intelligence in everyday life.' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अंजली चौधरी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती अर्पिता सिंह ने किया।

## शपथ ग्रहण कार्यक्रम




18 नवम्बर को प्रार्थना सभा में नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशा मुक्त भारत का शपथ दिलाया। कार्यक्रम का संयोजन छात्रवृत्ति विभाग के प्रभारी डॉ. रामसहाय ने किया।

## मिशन मंझरिया शैक्षिक कार्यक्रम




18 नवम्बर को बी0एड़0 विभाग द्वारा अभिग्रहीत ग्राम योजना के अन्तर्गत मिशन मंझरिया ग्राम में छात्राध्यापकों द्वारा शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम मंझरिया में छात्राध्यापको ने विभिन्न शिक्षण केन्द्रों पर शिक्षण कार्य किया साथ ही घर–घर जाकर बच्चों की

शिक्षा महिलाओं के स्वास्थ्य स्थिति, स्वच्छता की आदत, पोषण सम्बन्धी व्यवहार, बीमारियों एवं टीकाकरण की जानकारी ली एवं इस मुद्दे पर संवाद किया। कार्यक्रम में बी0एड्0 विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम



18 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'तम्बाकू मुक्त युवा–अभियान विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष श्री नन्दन शर्मा ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्त एवं डॉ0 आरती सिंह ने किया।

## विचार गोष्ठी कार्यक्रम




20 नवम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल सिद्धांतों, उसके अंतर्गत समग्र विकास की संकल्पना तथा वंदे मातरम् के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रेरणा'' विषय पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी0एड्0 विभाग के विद्यार्थियों द्वारा उपरोक्त विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला

21 नवम्बर को मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'Stress Management and Exam Anixety Handlling' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेंट एंड्रूज कालेज, गोरखपुर के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष मेजर डॉ0 सुशील कुमार तिवारी ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री अर्चिता राय ने किया।



## एक दिवसीय कार्यशाला




21 नवम्बर को कम्प्यूटर विभाग द्वारा ''C प्रोग्रामिंग एवं इंडस्ट्री स्टैंडर्ड कोडिंग प्रैक्टिस वर्कशॉप'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग के सहायक आचार्य श्री गौरव द्विवेदी ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए प्रोग्रामिंग की मूलभूत अवधारणाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती अर्पिता सिंह ने किया।

## शिक्षक अभिभावक सम्मेलन




22 नवम्बर को बी0एड्0 विभाग द्वारा शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच खुला संवाद विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सशक्त एवं सहयोगात्मक बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी0एड्0 विभाग की विभागध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## मंझरिया ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद आपरेशन के चयन शिविर का आयोजन




23 नवम्बर को मिशन मंझरिया अभियान के तहत मंझरिया श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ गुरू गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निर्देशक कर्नल डॉ0 हिमांशु दीक्षित ने गोरखनाथ जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया।

इस शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर मोतियाबिंद, कालामोतिया, भैगांपन तथा आँख की अन्य रोगों की निःशुल्क जाँच भी हुई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 जेके मिश्रा ने रोगियों का नेत्र परीक्षण किया। फिटनेश परीक्षण डॉ0 अनूप श्रीवास्तव वरिष्ठ फिजिशियन द्वारा किया गया। शिविर में कुल 76 रोगियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। वह रोगी निश्चित तारीख को आकर अपना आपरेशन कराऐंगे। मोतियाबिंद का निःशुल्क आपरेशन बिना टांका विधि से इन्ट्राआक्यूलर लेन्स लगाकर चिकित्सालय में किया जाएगा। इस नेत्र शिविर में मिशन मंझरिया के 23 छात्राध्यापकों ने सहयोग किया।

### मैप ड्रांइग प्रतियोगिता




24 नवम्बर को भूगोल विभाग द्वारा 'मैप ड्राइंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता ने प्रथम स्थान, बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्वेता चौहान ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा संजना जयसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन भगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 नीलम गुप्ता ने किया।

### जगरूकता रैली कार्यशाला




26 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा ''संविधान दिवस'' के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली महाविद्यालय से हसनगंज, बैतालगढ़ मंदिर से होते हुए मुख्य सड़को पर निकाली गयी। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम




26 नवम्बर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर के बी0एड्0 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मंझरिया गांव में शिक्षण केन्द्रों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बी0एड्0 के प्रशिक्षुओं ने बच्चों को तैयार करने, उन्हे मंच पर प्रस्तुत कराने और पूरे कार्यक्रम के संचालन का कार्य किया। छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत–पारंपरिक लोकगीत, ग्रामीण जीवन पर आधारित समूह गान, सांस्कृतिक धरोहर को दर्शातें लोकनृत्य तथा बाल नाट्य ने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम का संयोजन श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

### राष्ट्रीय कैडेट कोर स्थापना दिवस

30 नवम्बर को नेशनल कैडेट कोर के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर कैडेट्स के द्वारा साइकिल रैली और परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी, केयर टेकर ऑफिसर (NCC Depart) डॉ. अनूप पाण्डेय एवं श्री संजय

मल्ल के साथ 45वीं यूपी बटालियन के दो पी0आई0 स्टॉफ हवलदार अनिल छेत्री और नायक सक्षम थापा द्वारा कैडेट्स को एनसीसी दिवस पर विशेष दिशा निर्देश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुल 38 कैडेट्स उपस्थित रहे।



IV दैनिक जागरण गोरखपुर,14 नवंबर, 2025

# कबड्डी व वालीबाल में छात्रों ने दिखाए दमखम

## एमपीपीजी कालेज में वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ, शतरंज में नितेश व ममता ने हासिल किया प्रथम स्थान

गोरखपुरः महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन पहले दिन योगासन, शतरंज, कबड्डी और वालीबाल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दमखम दिखाया। शतरंज प्रतियोगिता के बालक वर्ग में नितेश तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में ममता मिश्रा ने बाजी मारी। कृष्ण गोपाल शर्मा व शुभी उपविजेता रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में पृथ्वीराज चौहान टीम विजेता बनी, जबकि महिला वर्ग में झांसी की रानी टीम ने बाजी मारी। इसी तरह वालीबाल के फाइनल में छत्रपति शिवाजी टीम ने संभाजी महाराज टीम को सीधे सेटों में 21-18 और 21-16 से हराया। हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता में आयुष कुशवाहा (बीबीए प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सूरज दीक्षित व सपना सिंह क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

निर्णायक मंडल में डा.आरती सिंह, विभा सिंह और अर्चिता राय शामिल रहीं। 2047 का विकसित भारतः हमारी संकल्पना विषय पर आयोजित हिंदी भाषण प्रतियोगिता में पायल साहनी प्रथम, दिव्या व आशीष कुशवाहा संयुक्त रूप से द्वितीय और दिव्या दूबे तृतीय स्थान पर रहीं।

योगासन बीए प्रथम सेमेस्टर की सत्या गुप्ता प्रथम, दिव्या दूबे द्वितीय और अमृता सिंह तृतीय रहीं, जबकि सांत्वना पुरस्कार प्रिया जायसवाल को मिला। निर्णायक डा. सत्येंद्र नाथ शुक्ला व विनय कुमार सिंह रहे।



एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ के वार्षिक खेल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी• सौ. विद्यालय प्रशासन

### महाविद्यालय के परिश्रम सृजनात्मकता व टीम भावना का प्रतीक है महोत्सव

समारोह की अध्यक्षता करते हुए भूगोल विभाग के अध्यक्ष डा.विजय कुमार चौधरी ने कहा कि वार्षिक महोत्सव महाविद्यालय की सृजनात्मकता, परिश्रम और टीम भावना का प्रतीक है। खेलकूद और प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। सफलता और असफलता दोनों ही जीवन के लिए उपयोगी हैं, इसलिए हर प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। संचालन वार्षिक महोत्सव प्रभारी डा.वेंकट रमन पांडेय ने किया। इस दौरान रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा.शिवकुमार बर्नवाल, डा.सत्येंद्र नाथ शुक्ला समेत महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, खिलाड़ी और प्रतिभागी आदि मौजूद रहे।–विज्ञप्ति

# तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शानदार समापन-मेहनत,लगन और प्रतिभा को मिला मंच

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अध्यक्ष महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डा. विजय कुमार चौधरी, सह-अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र नाथ शुक्ला, वार्षिक महोत्सव प्रभारी डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय सहित शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभागियों सहित खेल में विजेता,उपविजेता खिलाड़ियों एवं टीम को मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ विजय कु. चौधरी ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि पिछले तीन दिनों से महाविद्यालय परिसर उत्साह, ऊर्जा, रचनात्मकता, सांस्कृतिक सौंदर्य से सराबोर रहा। प्रतिभागियों ने जिस समर्पण, सौहार्द के साथ सभी कार्यक्रमों में भाग लिया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। इस महोत्सव ने हमें यह अनुभव कराया कि हमारे विद्यार्थी केवल शैक्षणिकक्षेत्र में ही नहीं, बल्कि खेल कूद, साहित्यिक एवं कला मंचों पर भी समान रूप से सक्षम हैं। डॉ चौधरी ने आगे कहा कि जीवन में जीत-हार क्षणिक होती है, परंतु अनुभव, सीख और सहभागिता ही वास्तविक उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि आज जो विद्यार्थी पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं, वे न केवल अपने प्रदर्शन के लिए बल्कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास, सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए सम्मानित हो रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी प्रति भागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना भी प्रेषित किया। सह- अध्यक्ष डा.सत्येंद्र नाथ शुक्ला ने कहा कि वार्षिक महोत्सव विद्यार्थियों कोसृजनात्मकता, अनुशासन, टीम भावना नेतृत्व क्षमता का सशक्त मंच है। इस मंच पर मिली सीख आजीवन सभी क्षेत्र में काम आती है। उन्होंने हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप के साहस, आत्मसम्मान को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। समापन समारोह का संचालन अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिवानी सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए सभी प्रतिभागी, शिक्षक उपस्थित रहे। **समापन समारोह के पूर्व दौड़ प्रतियोगिता** 100 मी., 200 मी. एवं 400 मी. श्रेणी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग की अलग-अलग प्रतिस्पर्धा में कुल 159 धावकों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 87 धाविका बालिका वर्ग में एवं 72 धावक ने बालक वर्ग में प्रतिभाग किया। 100 मी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सुश्री खुशी राजभर, द्वितीय स्थान सुश्री काजल एवं तृतीय स्थान सुश्री खुशी खातून ने प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग के अंतर्गत 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदर्श सिंह, द्वितीय स्थान राजवीर चौहान, तृतीय स्थान अविनाश ने प्राप्त किया। 200 मी. बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विशाल कुमार, द्वितीय स्थान आदर्श सिंह, एवं तृतीय स्थान शिवम चौधरी ने प्राप्त किया जबकि 200 मी बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री काजल द्वितीय स्थान सुश्री खुशी मिश्रा एवं तृतीय स्थान सुश्री शीतल शर्मा ने प्राप्त किया। 400 मी. बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री अंजली राय द्वितीय स्थान सुश्री खुशी राजभर एवं तृतीय स्थान सुश्री गुड़िया ने प्राप्त किया। जबकि 400 मी. बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सचिन शर्मा, द्वितीय स्थान शिवम चौधरी और तृतीय स्थान विशाल कुमार ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष नंदन शर्मा ने किया। **इसीक्रम में वॉलीबॉल प्रतियोगिता** (बालिका वर्ग) का आयोजन किया। जिसमें तीन सेटों तक चलने वाले फाइनल मुकाबले में रानी पद्मावती टीम ने रानी लक्ष्मी बाई टीम को 15- 6 13-15 एवं 15-8 से हराकर विजेता बनी। इस प्रतियोगिता का संयोजन राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष हरिकेश यादव ने किया। प्रतियोगिता की अगली कड़ी में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंतर्गत प्रथम स्थान बी.एस.सी. पंचम सेमेस्टर के सुधांशु द्वितीय स्थान बीएससी. तृतीय सेमेस्टर के रोहित, तृतीय स्थान बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर के अविनाश को बैडमिंटन बालिका वर्ग में प्रथम स्थान बी.ए. पंचम सेमेस्टर की सुश्री रानी द्वितीय स्थान बी.ए. पंचम सेमेस्टर की सुश्री आरती,तृतीय स्थान बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर की श्वेता को प्राप्त हुआ। बैडमिंटन प्रतियोगिता का संयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र नाथ शुक्ला ने किया जबकि सहसंयोजक के रूप में भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ नीलम गुप्ता रहीं। **इसीक्रम में इंडोर गेम** के अंतर्गत कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कैरम प्रतियोगिता में कुल 48 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में विजेता सुश्री बिट्टू चौहान बी.ए. तृतीय सेमेस्टर,उपविजेता सुश्री खुशी खातून बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर रहीं जबकि बालक वर्ग में विजेता अविनाश बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर एवं उपविजेता आयुष साहनी बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर रहे। निर्णायक की भूमिका में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र नाथ शुक्ला गणित विभाग के सहायक आचार्य पप्पू कुमार गुप्ता एवं अनिल मौर्य रसायन विज्ञान विभाग की आचार्य श्रीमती प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संयोजन बी.एड विभाग की सहायक आचार्य डॉ अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता की अगली कड़ी में 2047 इतस्य विकसित भारतम् अस्माकं संकल्पना: विषय पर संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर के रितुराज सिंह, द्वितीय स्थान बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर के किशन सिंह तथा तृतीय स्थान बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के आयुष कुशवाहा को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन हिंदी विभाग की अध्यक्ष डा. आरती सिंह ने किया। सह-संयोजक वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती श्वेता रहीं।



**◆प्रतिभा अवसर नहीं, दृष्टिकोण मांगती है- डा. विजय कुमार चौधरी◆सफलता का मार्ग अनुशासन और सतत प्रयास से ही- डा.सत्येंद्र नाथ शुक्ला◆अंजलि और सचिन दौड़ प्रतियोगिता में रहें अव्वल**

IV दैनिक जागरण गोरखपुर, 21 नवंबर, 2025

# भाषण प्रतियोगिता में पूर्वांचल के विद्यार्थियों की दिखी प्रतिभा

**महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में किया गया आयोजन**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के उपलक्ष्य में स्नातक से स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय भाषण आंतरिक मूल्यांकन प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में हुआ। इस प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अन्तर्गत संचालित आठ संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतिभाग करने वाले महाविद्यालयों मेंमहायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धुसद, महाराणा प्रताप महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रमदत्तपुर, श्रीगोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दिग्विजयनाथ एलटी प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय, महाराजगंज महाराणा प्रताप प्रौद्योगिकी संस्थान शामिल रहे। संस्कृत भाषा वर्ग के निर्णायक मंडल में डा. कुलदीप शुक्ल, डा. प्रेमलता सिंह, डा. राजू शर्मा शामिल रहे। हिन्दी भाषा वर्ग के निर्णायक के रूप में डा. राजेन्द्र भारती, डा. रामदरश राय व अश्विनी कुमार राय मौजूद रहे। इसी क्रम में अंग्रेजी भाषा वर्ग के निणार्यक मंडल में डा. एसएन सिंह, प्रो. हिम्मांशु पांडेय व डा. आमोद राय शामिल रहे। प्रत्येक वर्ग में तीन तीन विद्यार्थियों का चयन किया राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए किया गया।

प्रतियोगिता के संयोजक के रूप में डा. ओमप्रकाश सिंह, डा. अरविंद चतुर्वेदी, डा. सुधीर अग्रवाल व प्रो. सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति रही।

गोरखपुर, 24 नवंबर, 2025 दैनिक जागरण III

# मोतियाबिंद के आठ रोगी चिह्नित, निश्शुल्क होगा आपरेशन

गोरखपुर : गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ की ओर से रविवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूषण में निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। 76 लोगों ने पंजीकरण कराया। मोतियाबिंद के आठ रोगियों को चिह्नित किया गया। उनका निश्शुल्क आपरेशन किया जाएगा। उन्हें विभिन्न तिथियों पर आपरेशन के लिए बुलाया गया है। जरूरतमंदों को दवाएं प्रदान की गईं। चिकित्सालय के निदेशक कर्नल (डा.) हिमांशु दीक्षित ने बताया कि मार्च 2026 तक अलग-अलग जगहों पर शिविर आयोजित कर मोतियाबिंद के रोगियों को चिह्नित किया जाएगा। डा. जेके मिश्रा, विनोद सिंह नेगी, प्रेम शाही उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)।

# गोद लिये गये गांव मंझरिया में नन्हें बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगलधूसड़ के बीएड विभाग द्वारा गोद लिए ग्राम मंझरियाँ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव मंझरिया के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में छिपी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना।

बच्चों में आत्म विश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करना था द्य गांव के छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने प्रस्तुत पारंपरिक लोकगीत, ग्रामीण जीवन पर आधारित समूह-गान, सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते लोक नृत्य, बाल-नाट्य ने पूरे वातावरण को उत्साह,उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम संयोजक सहायक आचार्य श्री शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि ग्रामीण समुदाय को भी सांस्कृतिक समृद्धि और शैक्षिक जागरूकता से जोड़ते हैं। उन्होंने गाँववासियों के सहयोग और बच्चों के उत्साह की सराहना की। इस कार्यक्रम में बीएड विभाग के प्रशिक्षुओं ने बच्चों को तैयार करने, उन्हें मंच पर प्रस्तुत कराने और पूरे कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गाँव के अभिभावकों, स्थानीय शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं महा विद्यालय के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में संयोजक द्वारा सभी उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




# शिक्षक-अभिभावक संवाद ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षक-प्रशिक्षण की नींव-श्रीमती शिप्रा सिंह

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगलधूसड़ के बी.एड विभाग द्वारा **शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन** का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद को सुदृढ़ करना, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर सार्थक चर्चा करना तथा शिक्षण-प्रशिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए साझा प्रयासों को मजबूत करना रहा।

इसके साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, व्यवहार, कौशल विकास तथा समग्र व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित जानकारियों को अभिभावकों तक पहुँचाना और उनके सुझावों को प्राप्त करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष **श्रीमती शिप्रा सिंह** के स्वागत वक्तव्य से हुआ। जिसमें उन्होंने बी.एड प्रशिक्षण की महत्ता तथा शिक्षक और अभिभावक-दोनों की संयुक्त भूमिका पर प्रकाश डाला। श्रीमती सिंह ने कहा कि शिक्षक और अभिभावक जब एक ही दिशा में साथ चलते हैं। तभी विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। सम्मेलन के दौरान बीएड के प्रशिक्षणरत शिक्षक शिक्षिकाओं के व्यवहार, कार्य निष्पादन, प्रायोगिक कक्षाओं, सूक्ष्म शिक्षण, पाठ योजनाओं से लेकर मूल्यांकन पद्धति तक विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके उपरांत प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कक्षा-वार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इसीक्रम में अभिभावकों ने भी अपने सुझाव रखे और विद्यार्थियों में समयपालन, नियमित अध्ययन, तकनीकी कौशल एवं मूल्य-आधारित व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के बीच खुला संवाद विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सशक्त एवं सहयोगात्मक बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल साबित हुआ। इस सम्मेलन की मुख्य विशेषता यह रही कि यह सम्मेलन पारंपरिक प्रारूप से आगे बढ़कर सहयोगी शिक्षा मॉडल का रूप लेती दिखाई दी, जहां अभिभावक केवल दर्शक नहीं बल्कि सक्रिय भागीदार रहे। विद्यार्थियों की उपस्थिति, व्यवहार, शैक्षणिक प्रदर्शन तथा उनके द्वारा की जा रही शिक्षण प्रैक्टिस की विस्तृत रिपोर्ट भी अभिभावकों को प्रस्तुत की गई। सम्मेलन के संयोजक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा यह आयोजन न केवल शिक्षक-अभिभावक संबंधों को नई ऊँचाई प्रदान किया। बल्कि बीएड विभाग के शैक्षणिक दृष्टिकोण को और अधिक पारदर्शी, समन्वित व परिणामकारी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सम्मेलन के संयोजक ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय लगातार नवाचार के पथ पर अग्रसर है और भविष्य में भी शिक्षकअभिभावक संवाद को इसी तरह मजबूत बनाया जाएगा।





**◆महाराणा प्रताप महाविद्यालय में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर रहा जोर**

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक–आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान–विज्ञान एवं कौशल से ओत–प्रोत शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई–पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में नवम्बर माह की मासिक ई–पत्रिका ध्येय–पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर